# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 22.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 22.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**उल्लेखनीय है** कि दिनाँक 20.07.2024 को एक व्यक्ति द्वारा थाना मऊ में सूचना दी कि ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश निवासी उफरौली थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती कर दिया तथा उसका गर्भपात करवा दिया तथा पुनः दुष्कर्म कर उनकी पुत्री को गर्भवती कर दिया है तथा ओमप्रकाश के पिता कमलेश द्वारा उनकी पत्नी को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 220/2024 धारा 64,333,89,351(1),352 बीएनएस व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट बनाम ओमप्रकाश व कमलेश उपरोक्त पंजीकृत किया गया। घटना का त्वरित संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा आज दिनाँक 22.07.2024 को अशोक चौराहा कस्बा मऊ से अभियुक्त ओमप्रकाश उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश निवासी उफरौली थाना मऊ जनपद चित्रकूट

**गिरफ्तरी करने वाली टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय
2.निरीक्षक अपराध श्री अभयराज
3.आरक्षी चालक राजकुमार
4.आरक्षी प्रवीण पाण्डेय

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम ने 24 घण्टे के अन्दर बकरी चोरी की घटना का अनावरण करते हुये घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों को चोरी की 03 बकरियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 21.07.2024 श्री हीरालाल पुत्र गजराज निवासी टिकारी मजरा सेमरदहा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना बहिलपुरवा में सूचना दी कि जामुर के जंगल बहद ग्राम माराचन्द्रा से अज्ञात चोरों ने उनकी 02 बकरी व 01 बकरा चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना बहिलपुरवा में मु0अ0सं0 46/2024 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा ने घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया। उ0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह एवं उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुये दिनाँक 21.07.2024 को माराचन्द्रा गांव के पास जंगल से विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त 1.बब्बू खां पुत्र जम्मुन खां निवासी बिलबई कोतवाली महोबा हाल पता माराचन्द्र थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट 2.सब्बीर खां पुत्र हल्के खां निवासी चुरेह केसरुवा थाना मानिकपुर हाल पता माराचन्द्र थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 बकरियां व 01 बकरा बरामद हुआ। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की बकरियां बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**

1.बब्बू खां पुत्र जम्मुन खां निवासी बिलबई कोतवाली महोबा हाल पता माराचन्द्र थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट

2.सब्बीर खां पुत्र हल्के खां निवासी चुरेह केसरुवा थाना मानिकपुर हाल पता माराचन्द्र थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

चोरी की 02 बकरियां व 01 बकरा

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह थाना बहिलपुरवा

2.उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा

3.आरक्षी होलीकेन्द्र

4.आरक्षी मोनू राय

**(5).** आज दिनाँक-22.07.2024 को अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये । भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर श्री सौरभ यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**(6).** आज दिनाँक 22.07.2024 को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील सभागार राजापुर में किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके।जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/ प्रार्थना पत्रों का संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस राजापुर में कुल 249 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 35 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने चक रोड अतिक्रमण तथा भूमि संबंधी मामलों पर उप जिलाधिकारी राजापुर से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर चकरोड की भूमि, अतिक्रमण एवं भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए।

इसके पूर्व बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाड़ी श्री महेंद्र कुमार पटेल के द्वारा तहसील परिसर में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक से अति कुपोषित बच्चों / माताओं को पुष्टाहार एवं सहजन के पौधों का वितरण भी कराया गया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में आम तथा आंवला का पौधारोपण भी किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद कुमार झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम श्री ओम प्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पंकज कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी श्री मनोहर लाल धर्मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्री सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता जल संस्थान श्री डी के सत्संगी, प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचरागीण उपस्थित रहे।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 315/2019 धारा 452,323,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त भूरा उर्फ लवकुश पुत्र राममूरत निवासी भैसोंधा रोड़ शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यमपति त्रिपाठी

2.आरक्षी श्यामू

(8). थाना मानिकपुर पुलिस ने धोखाधड़ी कर शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाकर मारपीट कर मृत्यु का भय दिखाकर टेबलेट व नगदी ले लेने वाले वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव,उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 84/24 धारा 420/342/392/323/506/411 भादवि0 थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामसजीवन पुत्र पटवारी निवासी डाडी चमरौडी थाना मानकिपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. अपराध निरीक्षक श्री प्रभुनाथ सिंह यादव थाना मानिकपुर

2.उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार

3.आरक्षी अजीजउद्दीन